स्वच्छता का संदेश दिया

भरतपुर (निस)। शहर में आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण अन्तर्गत राजुल कुमार, अधिषाषी अभियन्ता के मार्गनिर्देषन के क्रम में जनजागरुकता एवं जनसहभागिता इकाई कैप द्वारा स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय पर शिविर के दौरान सीवरेज प्रणाली के लाभ व इसका रख-रखाव विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सोशल एक्सपर्ट मनीष कटारा ने उपस्थित सहभागियों को भरतपुर शहर में आरयूआईडीपी द्वारा सम्पादित किये जा रहे सीवरेज परियोजना कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर इसके लाभों के साथ-साथ रख-रखाव के विषय में विस्तार से बताया। जयपुर से पधारे सीएमई सौरभ पाण्डेय ने बताया कि सीवरेज प्रणाली सामुदायिक स्वच्छता और गन्दे पानी के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिये किस प्रकार लाभदायक है, साथ ही समझाया कि सीवरेज प्रणाली की सफलता तभी है। जब हम सभी मिलकर इसके रख-रखाव में सावधानी बरतें और सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार से कचरा सीवर लाईन में नही जाये। एएसडी सुरेन्द्रपाल ने सीवरेज कार्य से सम्बन्धित किसी षिकायत व सुझाव के लिये आमजन के लिये उपलब्ध टोल फ्री नम्बर के बारे बताया। मण्डल मुख्यालय पर कार्यक्रम का संचालन शिविर प्रभारी द्वारिका प्रसाद शर्मा, सौरभ शर्मा व मुरारी लाल शर्मा ने किया तथा स्काउट-गाइड सीओ देवेन्द्र मीणा व सीमा रिजवी ने आयोजित किया गया।

भरतपुर की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा वर्ष 2024 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के न्यायाधिपति मुन्नुरी लक्ष्मण साहब एवं न्यायाधिपति फरजद अली साहब की गरिमामय उपस्थिति रही। न्यायाधिपति मुन्नुरी लक्ष्मण के द्वारा कहा गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने का सुलभ एवं सशक्त माध्यम है तथा बीमा कम्पनियों को पीडित पक्षकारों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुये अधिक से अधिक प्रकरण राजीनामे के माध्यम से निस्तारित करने चाहिये। न्यायाधिपति फरजंद अली के द्वारा कहा गया कि लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित प्रकरणों में न तो किसी पक्षकार की हार होती है और न ही किसी पक्षकार की जीत। सभी विचारण न्यायालयों से लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है और न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता समुदाय के द्वारा राजीनामे के माध्यम प्रकरणों को निस्तारित करवाने में अपनी सार्थक भूमिका अदा की जाती है। भरतपुर मुख्यालय पर दुर्घटना प्रतिकर के एक मामले में बजाज आलियान्ज इंष्योरेन्स कम्पनी के द्वारा 1,10,00,000 (एक करोड़ दस लाख) रूपये की राशि के अवॉर्ड पर तथा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी के एक मामले में 83,00,000 (तिरासी लाख) रूपये की राशि के अवॉर्ड पर पक्षकारों के मध्य राजीनामे से सहमति बनी। न्यायाधिपतिगण के द्वारा पीडित पक्षकारों को स्वयं के करकमलों द्वारा अवॉर्ड राषि का चैक प्रदान किया गया। केशव कौषिक, जिला एवं सेषन न्यायाधीष, भरतपुर के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते हुये कहा गया कि बिजली विभाग, बैंक, बीमा कम्पनीयों, वित्तीय संस्थाओं सहित सभी राजकीय विभाग के अधिकारियों को समाज के पीडित व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता एवं उदारता रखते हुये आम पक्षकारों को कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ दिया जाना चाहिये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के सचिव अनुतोष गुप्ता के द्वारा बताया गया कि भरतपुर मुख्यालय, उच्चैन, भुसावर व समस्त तालुकाओं पर स्थित न्यायिक एवं राजस्व न्यायालयों में 22 लोक अदालत बैंचों का गठन किया जाकर पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, चैक अनादरण, दाण्डिक शमनीय तथा अन्य प्रकृति के प्रकरणों के निस्तारण हेतु वर्ष की तृतीयराष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में भरतपुर जिले में सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित चले आ रहे 5798 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं बैक/वित्तीय संस्थाओं/बीमा कम्पनीयों तथा राजस्व से सम्बन्धित मामलों, प्री-लिटिगेशन के 29574 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण किया जाकर लगभग 17,34,74,057रूपये का अवार्ड पारित किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण में जरिये राजीनामा 96प्रकरण निस्तारित किये।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा वर्ष 2024 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

- **लोक अदालत में भरतपुर जिले में सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित चले आ रहे 5798 प्रकरणों का निस्तारण किया गया**

सार-समाचार

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से की मुलाकात

नदबई भरतपुर (निस)। युवा नेता पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एमएसजे कॉलेज भरतपुर एड. विजय चौधरी लखनपुर ने सीएम निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को विधानसभा क्षेत्र नदबई और जिले को विकास की अनेक सौगात देने व राजस्थान के विकास को गति देने के लिए किए गए विदेश दौरे से लौटने पर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। सीएम भजनलाल शर्मा ने अटारी लखनपुर क्षेत्र की सड़कों को ठीक करने व शाहपुर के बाईपास निर्माण के लिए जल्द विभाग को निर्देश देने को कहा। एड. विजय चौधरी ने जिले के किसानों को प्रधानमंत्री बीमा योजना का लाभ दिलाने एवं अतिवृष्टि से क्षेत्र में हुए फसल नुकसान की गिरदावरी कराकर मुआवजा दिलाने की मांग रखी तथा बाणगंगा नदी का पानी अटारी लखनपुर क्षेत्र तक लाने, स्टेडियम, युवाओं को दौड़ने का ट्रैक व जिम बनाने, कॉलेज खोलने, सभी विषयों का शानदार उच्च माध्यमिक विद्यालय बनाने, अटारी लखनपुर को नगर पालिका का दर्जा दिलाने, तहसील व उपखण्ड बनाने, पंचायत समिति बनाने, जेएम कोर्ट खुलवाने, विद्युत सहायक अभियंता कार्यालय, उप जिला अस्पताल बनाने, कृषि एवं उद्यान विभाग का कार्यालय खोलने, किसानों को कृषि योजनाओं के जिले के टारगेट बढ़ने, क्षेत्र के आवारा गोवंश की समस्या निवारण के लिए प्राचीन श्रीलडडू गोपाल मंदिर, लखनपुर पर गौशाला खोलने, सर्व सुविधा युक्त छात्रों को पुस्तकालय, सरकारी विश्राम गृह, बस स्टैण्ड, युवाओं को जिम, नगला मई में 33/11 केवी जीएसएस बनवाने, उपखण्ड मुख्यालय नदबई पर एडीजे कोर्ट खोलने, एनएच 21 पर हो रही गोवंश की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इस हाईवे को पशु मुक्त करने सहित जिले के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए सुझाव भी दिए। जिन पर मुख्यमत्री ने विश्वास दिलाया कि जिले के विकास में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी तथा हर क्षेत्र में सभी लोगों को साथ लेकर सर्वत्र विकास किया जाएगा।

हेल्थ सेमीनार आयोजित

भरतपुर (निस)। लायंस इन्टरनेशनल प्रान्त 3233 ई-1 की स्प्रैड हैपीनेस प्रकल्प के तहत लायंस क्लब भरतपुर रायल्स ने सीके विडला हॉस्पीटल्स के संयुक्त तत्वावधान पर अस्थमा रोग एवं किडनी रोग पर एक हैल्थ सेमीनार का आयोजन स्थानीय होटल अमर विलास में किया गया। अस्थमा रोग विशेषज्ञ एसोसिएट कन्सलटेंट डॉ हर्षिल अलवानी ने अस्थमा रोग के लक्षणों व कारणों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से फेंफडों की संरचना व अस्थमा रोग से पडने वाले प्रभाव को बहुत सूक्षमता व गहनता से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि आनुवांशिक रोग के साथ आज के दूषित वातावरण, धूरमपान व अस्वच्छता के कारण दूषित गंध एवं एलर्जी मौसमी प्रभाव इसका मुख्य कारण है। कुछ विशेष सावधानियों से इस रोग से बचाव संभव है। किडनी रोग विशेषज्ञ यूरोलोजिस्ट डॉ. प्रतीक गर्ग ने किडनी में पथरी होने के कारण तथा विभिन्न मूत्र रोगों पर विस्तार से चर्चा की तथा बचाव के विभिन्न उपाय बताये। सेमीनार का शुभारम्भ दाता गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सेमीनार में उपस्थित रीजन चेयरपर्सन लायन प्रवीन फौजदार एवं क्लब संरक्षक विनोद सिंघल ने डाक्टर्स का स्वागत किया

कार्यशाला का आयोजन

करौली (निसं)। जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, श्रम विभाग एवं एक्शनएड - यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में 30 सितम्बर 2024 को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार करौली में दोपहर 1.00 बजे से बाल संरक्षण से जुड़े पदाधिकारियों के लिए आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि इस कार्यशाला का मकसद बच्चों के हित और सुरक्षा के लिए ज़रूरी जानकारी देना है. इस कार्यशाला में बच्चों के संरक्षण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी। : बाल दुर्व्यवहार के संकेत और जोखिम बाल दुर्व्यवहार से निपटने के लिए प्रभावी प्रणालियां, नीतियां, और प्रथाएं बच्चों को आत्म-सुरक्षा के लिए कैसे सिखाया जाए बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण कैसे बनाया जाए बच्चों को शारीरिक, भावनात्मक, और यौन शोषण से कैसे बचाया जाए बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, और संसाधनों तक पहुंचानें के साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम रोकथाम के साथ बाल संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है।कार्यशाला में जिला स्तरीय विशेष कार्य योजना एवं चिंहित ग्राम पंचायतों को बाल हितैषी ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति पर चर्चा की जायेगी।

बाइक रैली व कलश यात्रा निकलेगी

करौली (नि.स.)। करौली शहर मे हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान अग्रसेन कि 5148 वी जयंती का आगाज अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता और महामंत्री मुकेश गुप्ता ने बाल मेले का फीता काट कर शुभारंभ किया।

मीडिया प्रभारी जितेंद्र जिंदल ने बताया की अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य मे 29 सितंबर को बच्चों की जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ एवं कैरम प्रतियोगिता प्रात: 8:00 बजे से प्रारंभ होगी 30 सितम्बर को रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता बालिका एवं महिला वर्ग की आयोजित की जाएगी 1 अक्टूबर को गेम्स एवं हंसी के फव्वारे प्रतियोगिता महिलाओं एवं बालिकाओ कि आयोजित की जावेगी 2 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता बालिकाएं एवं महिला वर्ग की अयोजित की जावेगी एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जूनियर वर्ग की आयोजित की जावेगी उन्होने बताया कि मंदिर श्री गोविंद देव जी के 56 भोग एवं फूल बंगला झांकी साय 6:30 बजे 1100 दीपकों से मंदिर श्री गोविंद देवजी मे महा आरती का आयोजन किया जाएगा 3 अक्टूबर को प्रात: 7:00 बजे अग्र चेतना वाहन रैली 10:30 बजे झंडारोहण,प्रतिभा सम्मान समारोह दोपहर 2:00 बजे कलशयात्रा एवं शोभायात्रा मे रंग बिरंगी सजीव झांकियां 18 घोड़ों बाली गोत्रों की झांकी बड़ी धूम धाम के साथ करौली शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली जावेगी

सेमिनार का आयोजन

गंगापुर सिटी । स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शुक्रवार को जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर की अध्यक्षता में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर में भारत माता एवं माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि कार्यऋम के मुख्य अतिथि श्रीमति संगीता बोहरा (पूर्व सभापति नगर परिषद गंगापुर सिटी), हंसराज वैष्णव (स्कूल प्रधानाचार्य), श्रीमती रश्मि शर्मा (सहायक प्रधानाचार्य), सीताराम पुरबिया (उच्च प्राथमिक विभाग प्रधानाचार्य) एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्रीमति संगीता बोहरा एवं अन्य अतिथियों ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा युवाओं को स्वरोजगार के लिए जागरूक करना एवं उनमें प्रोत्साहन भरना यह अपने आप में एक अनूठी पहल है। इससे युवाओं में नए स्टार्टअप के लिए प्रेरणा मिलेगी, जिससे भविष्य में निराश नहीं होंगे और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को रोजगार दे सकेंगे, जिससे राष्ट्र स्वाबलंबी बन जायेगा। उद्यमिता दिवस के उपलक्ष में उद्यमी के रूप में शिवम जांगिड (महावीर इंडस्ट्रीज गंगापुर सिटी) को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सम्मानित किया गया।

दुकानदार को दिखाया कट्टा

नदबई (निस)। नदबई शहरी व ठामीण क्षेत्र में पुलिस की लचीली गश्त प्रक्रिया के चलते बदमाशों के हौसलें दिनों-दिन बुलन्द होते नजर आ रहे। पुलिस में लगातार चोरी व लूट की बारदात होने के मामलें दर्ज हो रहे। लेकिन, पुलिस अधिकारी महज लीपापोती करते नजर आ रहे। शनिवार तड़के करीब तीन बजे उपजिला चिकित्सालय के समीप परचून दुकान पर उधार सामान नही देने पर बाइक सवार बदमाश ने बेखौफ होकर दुकानदार को अवैध कट्टा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। दुकान पर लगे सीसीटीवी में अवैध कट्टा दिखाते हुए बदमाशों की घटना कैद हो गई। लेकिन, पीडित की ओर से सूचना देने के बावजूद अज्ञात बदमाशों का पुलिस को सुराग तक नही लग सका।

विश्व रेबीज दिवस पर टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित

सूरौठ।''विश्व रेबीज दिवस'' प्रतिवर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है इस अवसर पर पशुपालन विभाग करौली व प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (नोडल) सूरौठ द्वारा पशु चिकित्सालय सूरौठ मे एंटी रेबीज वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया शिविर प्रभारी डॉक्टर विजेंद्र सिंह वर्मा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि रेबीज जैसी भयानक, लाइलाज बिमारी के प्रति आमजन, पशुपालकों को जागरूक करने के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 50 पालतू कुत्ते और निराश्रित कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीन का टीका लगाया गया यह शिविर प्रात: 8:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित हुआ शिविर पश्चात पशुपालक गोष्टी आयोजित कर रेबीज बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई कि यह एक वायरस जनित बिमारी है यदि किसी भी पुरुष,महिला, बच्चों को यदि कोई कुत्ता काट ले तो घबराए नहीं तुरंत ही मेडिकल चिकित्साक से संपर्क कर पोस्ट एक्स्पोज़र एंटी रेबीज वैक्सीन लगवानी चाहिए वैसे ही यदि किसी पालतू पशु जैसे गाय, भैंस ,भेड़, बकरी इत्यादि को कोई कुत्ता काट ले तो उसे भी पोस्ट एक्स्पोज़र वैक्सीन निकटतम पशु चिकित्सालय में लगवानी चाहिए छोटे श्वान के बच्चों में तीन माह की उम्र में एंटी रेबीज का प्रथम टीका लगाया जाता है उसके बाद प्रतिवर्ष एंटी रेबीज टीका लगाया जाना है कुत्ते काटने के बाद पोस्ट एक्स्पोज़र एंटी रेबीज वैक्सीनेशन किया जाता है जिसमें करीब 6 से 7 एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जाती है वैक्सीनेशन शिविर में पशु चिकित्सा सहायक विष्णु दत्त शर्मा का सहयोग रहा।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

हिंडौन सिटी । 68वीं खेल जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का विवेक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर में गुरुवार को समापन समारोह आयोजित हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर खेलकूद प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक दयाल सिंह सोलंकी , प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरुण सिंह डागुर रहे

विवेक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर के संचालक राम प्रकाश डागुर ने बताया की 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय विद्यालय में 23 सितंबर से 26 सितंबर के दौरान हुआ । जिसमें नेटबॉल सॉफ्टबॉल वेटलिफ्टिंग राइफल शूटिंग वॉलीबॉल रग्बी फुटबॉल खेलों के जिला स्तर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने 17 वे 19 आयु वर्ग मेंभाग लिया 17 आयु वर्ग वॉलीबॉल खेल में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर, दूसरा स्थान सर्वोदय बाल विद्या मंदिर क्यारदा कला ने प्राप्त किया 19 आयु वर्ग वॉलीबॉल में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इनायती जबकि दूसरा स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धुरसी ने प्राप्त किया । सॉफ्टबॉल खेल में 19 वर्ष में प्रथम स्थान सर्वोदय बाल विद्या मंदिर क्यारदा कला ने जबकि दूसरा स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेवई ने प्राप्त किया ।

17 आयु वर्ग में सर्वोदय बाल विद्या मंदिर क्यारदा कला ने प्रथम स्थान जबकि दूसरा स्थान निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंडौन सिटी ने प्राप्त किया जिसके निर्णायक विक्रम सिंह ,सत्यवीर सिंह, एवं सिमेंद्र सिंह रहे। नेटबॉल प्रतियोगिता में 17 एवं 19 आयु वर्ग में शहीद सोहन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू इब्राहिमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके निर्णायक राजू लाल डागुर व महीप डगुर रहे।

इस अवसर पर सभी विजेता टीमों को प्रतियोगिता संयोजक रामप्रकाश डागुर व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित गोयल ने शील्ड एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान सभी विजेता टीम, दल प्रभारी, शारीरिक शिक्षक, वह स्थानीय विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा मंच संचालन मनोज डागुर ने किया।

खादी उत्पादों की जानकारी ली

करौली(नि.स.)।पूर्व सांसद रामचरण बोहरा शनिवार को करौली प्रवास के दौरान खादी संस्था ग्राम सेवा मण्डल करौली के कार्यालय पहुंचने पर संस्था के मंत्री सौरभ शर्मा ने बोहरा का स्वागत कर संस्था के कार्यक्षेत्र और उत्पादन की जानकारी दी। पूर्व सांसद ने खादी उत्पादों के निरीक्षण कर संस्था के पॉलीवूलन और अन्य खादी उत्पादों की सराहना की इस दौरान पूर्व सांसद ने खादी वस्त्र भी खरीदे उन्होंने खादी कार्यकर्ताओं से खादी उत्पादन के प्रोसेस को समझा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं खादी के उत्थान और प्रगति के लिए सतत प्रयत्नशील हैं उनके प्रयासों से देश विदेश में खादी लोकप्रिय हुई और युवा वर्ग का खादी के प्रति रुझान बढ़ा है। बोहरा ने आव्हान कर कहा खादी के साथ स्वाबलंबन व आजादी का गौरवशाली इतिहास तो जुड़ा ही है स्थानीय कतवारी, बुनकर कामगारों के रोजगार का माध्यम भी खादी है।

'आमजन अपराधियों की पुलिस को सूचना दे ताकि समय पर हो कार्यवाही'

करौली(नि.स.)।करौली कस्बा स्थित शहर टाउन चैकी पर शुक्रवार को दोपहर सीएलजी कि बैठक आयोजित हुई जिसमें पुलिस अधिकारियों ने आमजन से आहान करते हुए कहा कि निडर और नि:संकोच होकर अपने आसपास रह रहे अपराधियों कि पुलिस को सूचना दें ताकि हम समय रहते उन पर सख्त कार्यवाही कर सकें।

मदन मोहन जी मंदिर के निकट शहर टाउन पुलिस चैकी पर आयोजित सीएलजी बैठक कि अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के द्वारा की गई इस अवसर पर कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार, टाउन चैकी प्रभारी महेश चंद शर्मा उपस्थित रहे बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ के चलाये जा रहे अभियान के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि जान कि कोई कीमत नहीं यह अनमोल है इसे बचाना हमारा दायित्व है जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है सभी लोग दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का आवश्यक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि इन दिनो साइबर ठगी के केस खूब के सामने आ रहे हैं सभी लोग बैंकों में लेनदेन करते समय अपनी प्राइवेसी को उजागर न करें ना ही किसी के साथ शेयर करें उन्होंने बाल श्रम पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि चाय के दुकानों, होटल,ढावो मिस्त्रियों के यहां बाल श्रम कराया जाता है जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए नाबालिक बालको से बाल श्रम ना कराये पुलिस उपाध्यक्ष शुभम ने कहा कि आने वाले दिनों में नवरात्रा स्थापना, दशहरा, दीपावली जैसे प्रमुख पर्व आ रहे हैं सभी लोग हिलमिल कर त्यौहारो को मनाये उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के माकुल इंतजाम किए जाएंगे इसके बाद भी अगर कहीं अपराधी सक्रिय रहा तो उसके खिलाफ पुलिस द्वारा सख्ती से कार्यवाही कि जायेगी उन्होंने आमजन से आ ान करते हुए कहा कि आप अपने आसपास रह रहे अपराधियों और घटित होने वाले अपराधों कि पुलिस को निडर और निसंकोच होकर सूचना दें हम समय रहते कार्यवाही करेंगे। इस दौरान महे'ा उपाध्याय,गफ्फार खान,एमबीसी टेलर,अलोक शर्मा,अखलाक अहमद,गिरधारी गुप्ता,फारूख अहमद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समान पात्रता परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। राज्य अधीनस्थ भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय समान पात्रता परीक्षा जिले के 55 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा से 1 घंटे पूर्व तक ही दिया गया। सभी परीक्षार्थियों को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में ही प्रवेश दिया गया। जिसमें परीक्षार्थियों की मुख्य द्वार पर गहन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। जिसके लिए सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं समाचार पत्रों के द्वारा पहले ही जानकारी दे दी गई। इसके बावजूद कई परीक्षार्थी बडे कपडों पर बडे बटन, घढी, ताबीज आदि पहनकर परीक्षा केन्द्रों पर पंहुचे। जिन्हें थोडी परेशानी का सामना करना पडा। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने बताया कि जिले में समान पात्रता परीक्षा के लिये 55 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये थे। जिनमें 14930 अभ्यर्थियों को जिले में परीक्षा केन्द्र आवंटित किये गये। जिनमें पहले दिन प्रथम पारी में 13455 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1475 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पारी में 13448 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 1482 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पारी में 13517 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 1413 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पारी में 13637 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।

समिति ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना प्रदर्शन

गंगापुर सिटी । अब नई सरकार में नए जिलों के रिव्यू करने की घोषणा और इसके बाद कमेटी बनाने के बाद अब कई नए जिलों पर संकट आने की बात सामने आ रही है। ऐसे में गंगापुर सिटी को जिला बनाए रखने के लिए जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त 2०23 में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 जिलों की घोषणा की थी और इनमें एक गंगापुर सिटी को जिला बनाने की घोषणा के बाद गंगापुरसिटी वासियों में खुशी की लहर दौड गई। धरना प्रदर्शन में गंगापुर सिटी विधायक रामकेश मीणा, टोडाभीम विधायक घनश्याम महर के अलावा कांग्रेसियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए गंगापुर सिटी विधायक ने कहा कि गंगापुर सिटी को पहले ही जिला बनना था, लेकिन पहले सवाई माधोपुर और इसके बाद करौली को राजनीति के तहत जिला बना दिया गया और गंगापुर सिटी जिला बनते रह गया। जबकि गंगापुर सिटी जिला बनने के लिए सभी मापदंड पूरा करता है, यहां की भौगोलिक स्थिति भी सही है, लेकिन जिला नहीं बनने से यहां की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंची। अब पिछली सरकार में गंगापुर सिटी को जिला बना दिया, यहां कलेक्टर, एसपी सहित करीब 35 से अधिक जिला विभाग के अधिकारी कार्यरत है। कलेक्ट्रेट, सर्किट हाउस और पुलिस लाइन सहित सभी विभागों के लिए जमीन आवंटित होने के बाद काम तेजी से शुरू हुआ। 3 विधानसभाओं के अलावा 11 लाख से भी जिले की अधिक आबादी है, अब भी गंगापुर सिटी जिले की सभी मापदंड पूरा करता है लेकिन हाल ही पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण कर सवाई माधोपुर एसपी को यहां का अतिरिक्त चार्ज देकर गंगापुर सिटी जिले को भाजपा सरकार द्वारा समीक्षा के नाम पर खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले यह बताए कि गंगापुर सिटी जिले को खत्म करने पर क्यों तुली है, क्या गंगापुर सिटी मापदंड पूरे नहीं कर रहा या फिर कोई अन्य कारण है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या बढने के बाद सरकार ने आमजन को सुविधाएं बढाने के लिए ही गंगापुर सिटी को जिला बनाने की घोषणा की और इसके लिए सरकार ने पहले गंगापुर को जिला बनाने से पूर्व सभी चीजों पर पूरी तरह जांचा परखा था। हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि हरियाणा में तो 4० किमी पर जिला है जबकि यहां गंगापुर सिटी को दिए जिले की सौगात को खत्म करने पर सरकार तुली है। विधायक घनश्याम महर ने सरकार पर राजनीतिक द्वेषता का आरेप लगाते हुए कहा कि गंगापुर सिटी जिले में तीन विधायक है और तीनों ही कांग्रेस के है, इसी कारण गंगापुर सिटी जिले को सरकार खत्म करना चाहती है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने भगवान के दर्शन कर ली कार्यकर्ताओं की बैठक

करौली (नि.स.)। करौली के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी करौली पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में पहुंचकर दर्शन लाभ लेते हुए जिले सहित प्रदेश में अमन चैन और खुशहाली की मनौती मांगी। वही भाजपा कार्यकर्ताओ कि बैठक लेते हुए सदस्यता अभियान पर जोर दिया।

इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, भाजपा नेता एडवोकेट जयेंद्र सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, विद्या वैष्णव, के.के. सारस्वत, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा उर्फ जोगी,रामेंद्र सिंह,धर्मेन्द सिंह जादौन,महेन्द्र मीना कैमला आदि लोग साथ रहे जिनका मदन मोहन जी मंदिर ट्रस्ट के भूपेंद्र पाल ने भगवान की माला और प्रसाद भेटकर स्वागत सम्मान किया इसके अलावा नई सब्जी मंडी पर चुन्ना, मनका कि होटल पर प्रीतम सैनी,अतर सिंह माली चैनपुर सहित कई अन्य सब्जी विक्रेताओं और फल फ्रूट विक्रेताओं ने उनका माला, साफा पहनाकर कर स्वागत किया। इसके प'चात रोडवेज के निकट एक होटल मे आयोजित भाजपा कि बैठक मे जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा कि साथ ही करौली जिले में प्रत्येक विधानसभाओं में कितने-कितने सदस्य बने हैं इसकी जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य को कम से कम 200 सदस्य बनाने होंगे तब वह सक्रिय सदस्य वन पायेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के द्वारा सदस्यता अभियान का टारगेट करौली जिले में पूरा करना है।जिन्होंने 300 या 300 से ज्यादा सदस्य बनाए हैं उनको भाजपा जिला अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया।

उन्होने कहा कि करौली जिले में सदस्यता अभियान का कार्यक्रम अभी कमजोर है इसको लेकर सभी पदाधिकारीओ एवं कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर दिया जोर दिया।

बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा,करौली धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी इंदू देवी जाटव, पूर्व जिला महामंत्री जयेन्द्र सिंह एडवोकेट,जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला,जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालोत्री,जिला मंत्री पुष्पेंद्र सैनी,सीमा शुक्ला,सदस्यता अभियान जिले के सहसंयोजक उत्तम सिंह जादौन,दिलीप गुप्ता, योगेश शर्मा,विद्या वैष्णव,आशुतोष तिवारी,केके सारास्वत,अनील चतुर्वेदी,अशोक वर्मा,मुकेश सोनी,अजय पाल सहित सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष, भाजपा जिला एवं मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

करौली मे भाजपा जिला अध्यक्ष 'शिवकुमार सैनी का स्वागत करते लोग।

- **मदन मोहन जी मंदिर ट्रस्ट के भूपेंद्र पाल ने भगवान की माला और प्रसाद भेटकर स्वागत सम्मान किया**